Rajasthan Patrika

EDII

November 14, 2023

Pg.1

ईडीआईआई की पहल | **दो वर्षीय कोर्स को एआईसीटीई की मंजूरी, दिसंबर से शुरू हो सकते हैं आवेदन**

अब ऑनलाइन भी उद्यमिता शिक्षा, जनवरी से होगी शुरुआत

नगेन्द्र सिंह
patrika.com

अहमदाबाद. आज की युवा पीढ़ी नए उद्यम शुरू करने का रिस्क लेने को आगे आ रही है। परिजन भी उद्यमिता को तवज्जो देने लगे हैं। ऐसे में जो युवा उद्यमिता के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं। ऐसे युवाओं के लिए गुजरात के नववर्ष पर अच्छी खबर सामने आई है। युवा अब घर बैठे ही उद्यमिता की शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) अब उद्यमिता का दो वर्षीय ऑनलाइन पाठ्यक्रम-पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन एन्टरप्रिन्योरशिप ऑनलाइन (पीजीडीएम-एन्टरप्रिन्योरशिप-ऑनलाइन) शुरू करने जा रहा है। नए साल 2024 से इसकी शुरुआत होगी। आवेदन की प्रक्रिया दिसंबर महीने से शुरू होने के आसार हैं। इसमें 300 सीटें होंगी। किसी भी विषय से स्नातक विद्यार्थी इस कोर्स को कर सकेंगे। डिजिटल यूनिवर्सिटी ऑफ केरला और केरला ब्लॉक चेन अकादमी की ओर से ब्लॉक चेन पर संस्थान ऑनलाइन कोर्स चला चुका है। यह पहली बार ऑनलाइन कोर्स शुरू करने जा रहा है। आईआईएम अहमदाबाद ई-पीजीपी प्रबंधन कोर्स चलाता है।

महिलाओं, व्यापारियों को विशेष लाभ

ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने बताया कि आज ऑनलाइन शिक्षा भी डिमांड में है। ऑनलाइन उद्यमिता कोर्स शुरू होने से संस्थान के गांधीनगर स्थित कैंपस में रहकर पढ़ाई की जरूरत नहीं रहेगी, जिससे सबसे ज्यादा फायदा महिलाओं, युवतियों और व्यापार से जुड़े युवाओं को होगा। जो उद्यमिता की शिक्षा लेना तो चाहते हैं।

शिक्षा की गुणवत्ता से नहीं होगा समझौता

डॉ.शुक्ला ने बताया कि उद्यमिता की शिक्षा बेशक ऑनलाइन दी जाएगी,लेकिन उसकी शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। ऑफ कैंपस में जिस प्रकार से शिक्षा दी जाती है। उसी स्तर की शिक्षा ऑनलाइन कोर्स में दी जाएगी। ज्यादातर पढ़ाई ऑनलाइन रहेगी, काफी वीडियो लेक्चर रिकॉर्डेड भी होंगे। इसके अलावा विद्यार्थी ऑनलाइन लाइव क्लास के दौरान प्राध्यापकों से वार्तालाप भी कर सकेंगे। संस्थान के सभी क्षेत्रीय कैंपसों में भी जाकर भी मार्गदर्शन पा सकेंगे।